श्री प्रेमदास (इटावा): सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं कि एन.एच.-2 पर जो फोर लाइन बनाई गई है, उस पर सौ-सवा सौ की स्पीड से गाड़ियां चलती हैं, जिसकी वजह से दिन-प्रति-दिन दुर्घटनाएं होती हैं। दिल्ली से लेकर कोलकाता तक, बड़े-बड़े शहरों में ओवर ब्रिज बनाए गए, लेकिन हमारे क्षेत्र इटावा में तीन नगरपालिकाएं पड़ती हैं - जसवंतनगर, एकदिल और औरैया। यहां अभी दो-तीन दिन पहले इतना बड़ा एक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें बीस लोग मारे गए।

सभापति महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहूंगा कि इन नगर पंचायतों में ओवर ब्रिज बनाया जाए, जिससे दुर्घटनाएं कम्म हों। हमारे लोक सभा क्षेत्र इटावा में जहां टैक्स की वसूली होती है, वहां घंटों जाम लगा रहता है। इस वजह से वहां आने-जाने में बहुत परेशानी होती है। यहां सिक्स लाइन बनाई जाए, जिससे लोगों को आने-जाने में सुविधा हो। टोल टैक्स जो लिया जाता है, उससे गरीबों का उत्पीड़न होता है। वहां आसपास जो लोग रहते हैं, वे दिन में दो-चार बार निकलते हैं और उन्हें हर बार पैसे देने पड़ते हैं। विशेष कानून बना कर, उन्हें बचाने के लिए टैक्स से मुक्त किया जाए, यही मेरा आपसे अनुरोध है।